



# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**बधाई एवं अवकाश सूचना**

सभी पाठकों को स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षाबंधन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं... स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर न्याय साक्षी कार्यालय में 15 अगस्त को अवकाश रहेगा। अगला अंक 17 अगस्त को प्रकाशित होगा।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, गुरूवार 15 अगस्त 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक- 316

# सुप्रीम कोर्ट को सौंपे अयोध्या में मंदिर होने से संबंधित दस्तावेज

**» अयोध्या केस «**




**नईदिल्ली (आरएनएस)।** अयोध्या में विवादित रामजन्मभूमि-बाबरी मस्जिद के मलिकाना हक को लेकर मंगलवार को राम लला विराजमान के अधिवक्ता ने विभिन्न दस्तावेज उच्चतम न्यायालय की पांच सदस्यीय खंडपीठ को सौंप दिए। आज इस मामले की सुनवाई का पांचवां दिन था और इसमें मुस्लिम पक्ष की पैरवी डॉ राजीव धवन ने की।

इस पांच सदस्यीय खंडपीठ में मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई के अलावा न्यायमूर्ति, एस के बोबडे, डी वाई चंद्रचूड और एस ए नजीर शामिल हैं।

न्यायालय इस मामले में 2010 के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस फैसले को चुनौती देने वाली अनेक याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है जिसमें विवादित स्थल को तीन पक्षों को देने की बात कही गई थी। राम लला विराजमान के वरिष्ठ वकील सी एस वैद्यनाथन ने अपने तर्क में कहा है कि इस बात के स्पष्ट प्रमाण हैं कि सदियों से इस स्थान पर हिन्दुओं का मलिकाना हक था और वे यहां पूजा-अर्चना करते रहे हैं। उन्होंने एक इतिहासकार के 1858 के उस दस्तावेज का हवाला दिया जिसमें कहा गया था कि यहां 100 वर्षों से हिन्दू पूजा करते आ रहे थे। इस मामले में सुन्नी बोर्ड के वकील डॉ धवन ने जोरदार विरोध करते हुए कहा कि हिन्दू पक्ष ने अनेक बार इसमें दावे किए हैं लेकिन कोई भी दावा पेश नहीं किया है और 1858 के जिस साक्ष्य की बात कही गयी है, वह इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने स्वीकार नहीं किया था। इस मामले में कल भी दावों और साक्ष्यों को पेश किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि अयोध्या में राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद भूमि विवाद पर पांचवें दिन की सुनवाई के दौरान मंगलवार को इस मुद्दे पर बहस शुरू हुई कि क्या इस विवादित स्थल पर पहले कोई मंदिर था। प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ के समक्ष रामलला विराजमान की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सी एस वैद्यनाथन ने मस्जिद के निर्माण होने से पहले इस विवादित स्थल पर कोई मंदिर होने संबंधी सवाल पर बहस शुरू की। उन्होंने कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने तीन न्यायाधीशों की पीठ अपने फैसले में कहा है कि विवादित स्थल पर मंदिर था।

## महत्वपूर्ण एवं खास



### चंद्रयान-2 ने किया लूनर ट्रांसफर ट्रैजेक्टरी में प्रवेश

**चेन्नई (आरएनएस)।** चांद पर भेजे गए भारतीय स्पेसक्राफ्ट चंद्रयान-2 ने बुधवार को सफलतापूर्वक लूनर ट्रांसफर ट्रैजेक्टरी (एलटीटी) में प्रवेश कर लिया है। यह जानकारी इंडियन स्पेस एजेंसी ने दी। इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (इसरो) के अनुसार, चंद्रयान की ऑर्बिट को बढ़ाने को लेकर तड़के 2.21 बजे स्पेसक्राफ्ट के मोटरों को 1,203 सेकेंड्स के लिए फायर किया गया था। इसरो ने कहा, इसके साथ ही चंद्रयान -2 ने लूनर ट्रांसफर ट्रैजेक्टरी में प्रवेश कर लिया है। इससे पहले स्पेसक्राफ्ट की ऑर्बिट को 23 जुलाई से 6 अगस्त 2019 के बीच पांच गुना बढ़ाया गया था। जीएसएलवी एमके3-एम1 वाहन द्वारा 22 जुलाई, 2019 को लॉन्च किए जाने के बाद से स्पेसक्राफ्ट चंद्रयान -2 के सभी सिस्टम सामान्य रूप से प्रदर्शन कर रहे हैं। इसरो के अनुसार, चंद्रयान-2, 20 अगस्त 2019 को चांद की कक्षा में पहुंचेगा।

### बालाकोट एयर स्ट्राइक में शामिल 5 वीर पायलटों को वीरता पुरस्कार

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** बालाकोट में एयर स्ट्राइक करने वाले पांच पायलट को वायु सेना मेडल दिया जाएगा. स्वतंत्रता दिवस के मौके पर विंग कमांडर अमित रंजन, स्क्वॉर्डन लीडर राहुल बसोया, पंकज भुजडे, बीकेएन रेड्डी, शशांक सिंह को वायु सेना पदक (वीरता) दिया जाएगा. ये सारे पायलट मिराज फाइटर 2000 के पायलट हैं. बता दें कि 14 फरवरी को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में सीआरपीएफ के काफिले पर आतंकी हमला हुआ था. इस हमले में 40 से ज्यादा भारतीय सैनिक शहीद हो गए थे. इस हमले के ठीक 13 दिन के बाद भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के बालाकोट में घुसकर कई आतंकी कैंप ध्वस्त कर दिए थे. इस हमले में बड़ी संख्या में आतंकियों के मारे जाने की सूचना मिली थी.

### सोनिया को बधाई देने वाले होर्डिंग में वाड्रा भी

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली स्थित कांग्रेस पार्टी के मुख्यालय पर सोनिया गांधी को कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई दी गई. इसके लिए कांग्रेस मुख्यालय के बाहर होर्डिंग चिपकाए गए हैं. खास बात है कि इन होर्डिंग में सोनिया गांधी के अलावा राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ ही रॉबर्ट वाड्रा को भी पोस्टर में जगह दी गई है. इन पोस्टर के लगाए जाने के बाद ट्विटर पर लोग अलग-अलग किस्म की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं. जहां लोग इसे पारिवारिक फोटो बता रहे हैं, वहीं कुछ लोग इन पोस्टर्स पर अन्य तरीकों से टिप्पणी कर रहे हैं.

### युवकों ने किया चाकू से हमला, एक की मौत दो घायल

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के पटेल नगर में युवकों के दो गुटों में झगड़े का मामला सामने आया है. जिसमें एक गुट के युवकों ने दूसरे गुट के तीन युवकों पर चाकू से हमला बोल दिया. इस हमले में एक युवा शुभम श्रीवास्तव की मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पुलिस के मुताबिक इस घटना को 6 लोगो ने मिलकर अंजाम दिया है. जिनकी पहचान कर तलाश शुरू कर दी गई है. घटना मंगलवार रात 8 बजे के आसपास की है. जब दो गुटों के बीच कुछ कहासुनी हो गई. इसके बाद एक ग्रुप के युवकों ने दूसरे ग्रुप के 3 युवकों पर चाकू से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गए. इसके बाद एक राहगीर ने पीसीआर कॉल कर पुलिस को घटना की जानकारी दी. जिसके बाद पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू की. हालांकि अभी तक झगड़े की वजह साफ नहीं हो सकी है. आरोपियों के पकड़े जाने के बाद ही इस मामले में खुलासा हो सकेगा.

# फरीदाबाद के डीसीपी विक्रम कपूर ने गोली मारकर की आत्महत्या



**फरीदाबाद (आरएनएस)।** आईपीएस अधिकारी व फरीदाबाद में एनआईटी के डीसीपी विक्रम कपूर ने आत्महत्या कर ली है। मंगलवार देर रात विक्रम कपूर ने अपनी सर्विस रिवाल्वर से खुद को गोलीमार आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि विक्रम कपूर पिछले कुछ दिनों से काफी परेशान थे, जिसके कारण उन्होंने इस तरह का कदम उठाया। हालांकि अब तक इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई है कि आखिरकार वह किस बात से और क्यों परेशान थे।

डीपीसी के आत्महत्या करने के बाद पूरे पुलिस महकमे में खलबली सी मची हुई है। देर रात डीसीपी की मौत के खबर के बाद मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

डीसीपी एनआईटी विक्रम कपूर ने बुधवार सुबह पुलिस लाइन में अपने आवास पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। डीसीपी ने गोली अपनी सर्विस रिवाल्वर से करीब 5.45 बजे मुंह के अंदर मारी है, जो खोपड़ी में ऊपर से निकली। उस समय उनकी पत्नी बाथरूम में थी। आवाज सुनकर बाहर आई और पति को ड्राइंगरूम में खून से लथपथ पाया।

पति को इस हालत में देखने के बाद उन्होंने बेटे अर्जुन को जगाया। डीसीपी का एक साल बाद रिटायरमेंट था। आवास पर फरेंसिक टीम जांच कर रही है। अभी आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। न ही कोई सुइसाइड नोट मिला है। विक्रम कपूर मूल रूप से अंबाला के रहने वाले थे और हरियाणा पुलिस में इंस्पेक्टर के पद पर भर्ती हुए थे। प्रमोशन पाकर वह आईपीएस बन चुके थे और पिछले दो साल से फरीदाबाद में तैनात थे।

पुलिस अधिकारियों और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की आत्महत्या के कई केस पिछले कुछ वर्ष में सामने आए हैं। पिछले साल 5 सितंबर को कानपुर से एसएसपी सुरेंद्र कुमार ने भी घरेलू विवाद के बाद जहर खाकर अपनी जान दे दी थी। पुलिस फिलहाल डीसीपी के आत्महत्या के कारणों की पड़ताल कर रही है।

# महिलाओं और पुरुषों की शादी की उम्र एक समान करने के लिए याचिका

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली हाईकोर्ट में बुधवार को एक याचिका दायर की गई, जिसमें महिलाओं और पुरुषों की शादी की कानूनी उम्र बराबर करने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि किसी महिला की शादी के लिए न्यूनम उम्र 18 साल रखना ''स्पष्ट भेदभाव'' है।

भारत में पुरुषों के लिए शादी की न्यूनतम उम्र 21 साल है। भाजपा नेता अश्विनी कुमार उपाध्याय की ओर से दायर जनहित याचिका में दावा किया गया है कि पुरुषों और महिलाओं की शादी के लिए निर्धारित न्यूनतम उम्र पितृसत्तात्मक पूर्वाग्रह पर आधारित है और इसका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है।

याचिका में कहा गया है कि भारत में जहां पुरुषों को न्यूनतम 21 साल की उम्र में विवाह करने की इजाजत है, वहीं महिलाओं को 18 साल की न्यूनतम उम्र में विवाह की इजाजत मिलती है। यह अंतर पितृसत्तात्मक पूर्वाग्रह की वजह से है। इसका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है। यह कानूनी रूप से और स्वतः महिलाओं के खिलाफ असमानता है। यह वैश्विक परिपाटी के विपरीत है।'' इसमें यह भी कहा गया है कि विवाह की उम्र में अंतर लैंगिक समानता के सिद्धांत, लैगिंक न्याय और महिलाओं के सम्मान के खिलाफ है।

# संयुक्त राष्ट्र महासभा की अध्यक्ष ने भारत में बाढ़ से हुए जानमाल के नुकसान पर शोक जताया



**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासभा के 73 वें सत्र की अध्यक्ष मारिया फर्नांडा एस्पिनोसा ने भारत के दक्षिणी और पश्चिमी भागों में बाढ़ से मची तबाही पर दुख जताया और भारत के प्रति एकजुटता व्यक्त की। एस्पिनोसा की प्रवक्ता मोनिका ग्रेले ने कहा, ''उन्होंने भारत के दक्षिणी और पश्चिमी भागों में आई बाढ़ से 140 लोगों की मौत और लाखों की संख्या में लोगों के विस्थापित होने पर जनता और भारत सरकार के प्रति संवदेनाएं जतायी।'' प्रवक्ता ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा की अध्यक्ष ने इस प्राकृतिक आपदा से प्रभावित हुए लोगों के प्रति एकजुटता दिखाई है। दक्षिण भारत के केरल और कर्नाटक तथा पश्चिमी राज्यों महाराष्ट्र और गुजरात में अब तक 225 लोगों की मौत हो चुकी है और लाखों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। बाढ़ से अकेले केरल में 91 लोग मारे गए हैं।

# पाकिस्तान के एफ-16 विमान को गिराने वाले विंग कमांडर अभिनंदन को वीर चक्र

## » मिंटी अग्रवाल को युद्ध सेवा मेडल



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारत की सीमा में घुसे पाकिस्तान के एफ-16 (एफ-16) लड़ाकू विमान को मार गिराने वाले वायुसेना के विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान को वीर चक्र से सम्मानित किया जाएगा. गुरुवार को स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) पर भारत सरकार अभिनंदन को शीर्ष सैन्य सम्मान दिया जा रहा है. इसी के साथ बालाकोट में आतंकी संगठनों को नेस्तानाबूत करने वाली भारतीय वायुसेना के स्क्वाड्रन लीडर मिंटी अग्रवाल को युद्ध सेवा मेडल दिया जाएगा.

बता दें कि 14 फरवरी को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में सीआरपीएफ के काफिले पर आतंकी हमला किया गया था. इस हमले में 40 सैनिक शहीद हो गए थे. इस हमले के 13 दिन बाद भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के बालाकोट में घुसकर आतंकी कैंप को निशाना बनाया था.

हमले से बौखलाए पाकिस्तान ने दूसरे दिन भारतीय सीमा में घुसने की कोशिश की, लेकिन भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान ने मिग-21 बाइसन से पाकिस्तान के एफ-16 लड़ाकू विमान को डॉगफाइट में नियंत्रण रेखा के पास मार गिराया.

# शाह के नेतृत्व में भाजपा लड़ेगी झारखंड, महाराष्ट्र व हरियाणा का चुनाव



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भाजपा आगामी 3 राज्यों का विधानसभा चुनाव अमित शाह के नेतृत्व में ही लड़ने वाली है। इस साल के आखिरी में झारखंड, महाराष्ट्र और हरियाणा में विधानसभा चुनाव होने हैं। ये तीनों राज्य बीजेपी के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण हैं।

बीजेपी को अपना नया राष्ट्रीय अध्यक्ष इन तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव के बाद ही मिलने वाला है। अमित शाह के नेतृत्व में बीजेपी ने लोकसभा में प्रचंड जीत दर्ज कराते हुए 303 सीटें पाई हैं। अमित शाह के गृह मंत्री बनने के बाद जेपी नड्डा को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। नए अध्यक्ष और पूरे देश में संगठन के चुनाव के लिए बीजेपी ने राधा मोहन सिंह के नेतृत्व में चुनाव समिति का गठन कर दिया है।

लेकिन पूरे देशभर में संगठन के चुनाव में देरी की वजह से राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव 15 दिसंबर के बाद ही संभव होने की गुंजाइश है। जो कार्यक्रम तय किया गया है उसके मुताबिक संगठन चुनाव की प्रक्रिया 11 सितंबर से शुरू की जाएगी। 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर के बीच मंडल स्तर के अध्यक्ष का चुनाव सम्पन्न कराया जाएगा, जबकि 1 से 15 दिसंबर तक प्रदेश अध्यक्षों और राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों के चुनाव कराए जाएंगे।

स्थानीय और राज्य के स्तर पर संगठन के चुनाव सम्पन्न होने के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव कराया जाएगा जिसकी प्रक्रिया भी तकरीबन 15 दिन से 1 महीने तक चल सकती है। यानी अगला राष्ट्रीय अध्यक्ष बीजेपी को 15 दिसंबर के बाद मिलने वाला है। चुनाव प्रक्रिया में देरी की वजह देश में भर बीजेपी सदस्यता अभियान का चलना है। सदस्यता अभियान पहले 11 अगस्त तक चलना था जो अब 20 अगस्त तक चलाया जा रहा है।

# केरल में भारी बारिश से बाढ़ से मृतकों की संख्या 95 हुई

**तिरुवनंतपुरम (आरएनएस)।** केरल मे भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन से मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 95 हो गई है तथा 59 लोग अभी भी लापता हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि विभिन्न जिलों में 58,107 परिवारों के करीब 1,89,567 लोगों को 1,118 राहत शिविरों में शरण दी गई है। इनमें से बहुत से लोग अपने इलाकों में बाढ़ के जल स्तर में कमी आने के बाद अपने घर लौट गये हैं।

उन्होंने बताया कि अलप्पुझा जिले में चार, कोट्टायम और कासरगोड जिलों में दो-दो, इडुक्की में पांच, त्रिशूर में आठ, मलप्पुरम में 35, कोझिकोड में 17, वायनाड में 12, पलक्कड़ में एक और कन्नूर जिले में नौ लोगों की मौत हुई है। इसके अलावा मलप्पुरम से 51 और वायनाड से सात और कोट्टायम से एक लोग अभी तक लापता हैं।

# बिना शर्तों के कब आ सकता हूं कश्मीर

## » राहुल ने कश्मीर के गवर्नर से पूछा



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** जम्मू कश्मीर के गवर्नर सत्यपाल मलिक और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के बीच जुबानी जंग थमने का नाम नहीं ले रही है. दोनों एक दूसरे के बयानों का लगातार जवाब दे रहे हैं. अब राहुल गांधी ने कहा कि वो जम्मू-कश्मीर आने को तैयार हैं लेकिन बिना किसी शर्तों के. राहुल ने ट्वीट करते हुए लिखा है, मैंने आपकी तरफ से अपने ट्वीट का बेहद कज़मोर जवाब देखा. मुझे जम्मू कश्मीर आकर लोगों से मिलने का आपका न्योता मंजूर है, लेकिन बिना किसी शर्तों के. मैं कब आऊं

बता दें कि मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के राजभवन ने कहा था कि राहुल गांधी विपक्षी नेताओं का प्रतिनिधिमंडल लेकर आने की बात करके मामले का राजनीतिकरण कर रहे हैं, जिससे हालात खराब होंगे और आम लोगों की दिक्कतें बढ़ेंगी. राजभवन ने ये भी कहा था कि पाकिस्तान की फर्जी खबरों पर राहुल गांधी का ये कहना कि कश्मीर में हालात खराब हैं, बिलकुल गलत है. छिटपुट घटनाओं को छोड़ कश्मीर में शांति है. राहुल गांधी भारतीय चैनलों पर दी जा रही खबरों को देखकर कश्मीर के सही हालात का पता लगा सकते हैं.

राहुल गांधी ने पिछले दिनों घाटी के हालात पर सवाल उठाए थे. इसके जवाब में गवर्नर ने कहा था कि वो यहां के हालात दिखाने के लिए राहुल को एयरक्राफ्ट भेजेंगे. मलिक ने कहा था, मैंने राहुल को यहां आने का न्योता दिया है. मैंने उनसे कहा कि मैं आपके लिए एयरक्राफ्ट भेजूंगा, ताकि आप स्थिति का जायजा लीजिए और तब बोलिए. आप एक जिम्मेदार व्यक्ति हैं और आपको ऐसे बात नहीं करनी चाहिए.'